मूल्य 1 रु.
वर्षः 10 - अंक : 11, मुंबई, बुधवार, 4 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
# दैनिक मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर






# 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के तीनों दोषियों को फांसी की सजा

**घटना के 28 दिन बाद कोर्ट ने फैसला दिया**

**दुमका।** जिले के रामगढ़ प्रखंड में 6 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप और फिर उसकी हत्या के मामले में पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश तौफीकुल हसन की अदालत ने तीनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। सोमवार को अदालत में रात 9 बजे तक सुनवाई हुई। पिछले 4 दिनों से सुनवाई हो रही थी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## कोरोना वायरस को लेकर...
# भारत अलर्ट

**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चीन से दुनियाभर में फैले कोरोना वायरस को लेकर भारत भी सतर्क हो गया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश के नोएडा और आगरा में कोरोना वायरस से जुड़े कुछ केस सामने आए हैं। जिसके बाद राज्य से केंद्र सरकार तक हर कोई अलर्ट पर है। ऐसे में विदेश से भारत आने वाले लोगों की जांच की जा रही है। भारत ने कई देशों के लिए 3 मार्च से पहले जारी किए गए वीजा को रद्द कर दिया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**3 मार्च को राजस्थान के जयपुर में 2 और उत्तर प्रदेश के आगरा में 6 मामलों की पुष्टि की गई**



**इन देशों का वीजा रद्द, फ्लाइट में भी बदलाव**

## देश में 3 फरवरी को पहली बार केरल में कोरोनावायरस के 3 मरीजों की पुष्टि की गई थी, इन सभी का उपचार हो गया है

### केजरीवाल ने मोदी से की बात

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोरोनावायरस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की है। उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए सभी कारगर कदम उठाए जाएंगे, क्योंकि यह बहुत खतरनाक बीमारी है।

**सबसे ज्यादा 374 नए केस दक्षिण कोरिया में सामने आए**

**मोदी ने कोरोनावायरस पर ट्वीट कियाः** प्रधानमंत्री ने भी कोरोनावायरस पर चिंता जताई है। मोदी ने ट्वीट किया- कोविड-19 को लेकर बनी स्थिति की मैंने विस्तार से समीक्षा की है। बाहर से भारत आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग और तुरंत उपचार के लिए केंद्रीय मंत्री और राज्य साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसको लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

**आईटीबीपी के कैंप में 21 इटालियन नागरिकों का टेस्टः** आईटीबीपी के कैंप में 3 भारतीय और 21 इटालियन नागरिकों का टेस्ट किया गया। इनकी रिपोर्ट कल आएगी। इससे पहले इस केंद्र में रखे गए सभी 112 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई है।

## मुस्लिमों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री उद्धव बोले...
# मेरे पास आधिकारिक रूप से मामला नहीं आया



**मंत्री नवाब मलिक ने कहा था- सरकार शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिमों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने की सोच रही है**

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिमों को 5 प्रतिशत आरक्षण की बात पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने साफ किया है कि अभी ये मामला आधिकारिक तौर पर हमारे पास नहीं आया है। मंगलवार को ठाकरे ने कहा- हमें उस पर विचार करना है। विपक्ष को उस समय के लिए अपनी एनर्जी बचाकर रखनी चाहिए। शिवसेना ने अब तक अपनी स्थिति साफ नहीं की है। उद्धव के इस बयान के बाद राकांपा और शिवसेना में फिर एक बार टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### नोटबंदी के नाम पर राजनेताओं से करोडों.की ठगी, भोजपुरी का एक बड़ा नेता भी वॉन्टेड

**मुंबई।** आपको जितने का लोन चाहिए, क्या कोई उससे डबल रकम दान में दे सकता है? ठगों का एक गिरोह यह दान दे रहा था, पर दान नोटों में नही, कागज के टुकड़ों में था। मुंबई क्राइम ब्रांच ने ऐसा दान करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। खास बात यह है कि इन ठगों ने हरियाणा के दो विधायकों और यूपी के एक बड़े राजनेता को भी अपने ट्रैप में लिया और उनसे करोड़ों रुपये की ठगी की, लेकिन किसी ने भी पुलिस में शिकायत नहीं की। ठगों का मुख्य सरगना गायत्री प्रसाद शुक्ला है, जो एक फाइनेंस कंपनी में मैनेजर है। उसके साथ आनंद कुमार तिवारी और सुजीत यादव नामक आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस केस में भोजपुरी का एक बड़ा अभिनेता वॉन्टेड है।

क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, मुंबई के एक बड़े बिजनेसमैन ने कुछ दिनों पहले गायत्री से कई करोड़ के लोन के लिए संपर्क किया। गायत्री ने जवाब में उस व्यापारी से कहा कि उसे जितना लोन चाहिए, उसे मिलने में काफी वक्त लगेगा। लेकिन यदि उसे तुरंत रकम चाहिए, तो आरबीआई के एक अधिकारी को वह जानता है, जिसके पास एक ही सीरिज के दो हजार के करोड़ों नोट जमा हैं। वह इन्हें निकालना चाहता है। बदले में वह मूल रकम की डबल रकम दे रहा है। इसमें तुम्हारा डबल फायदा हो जाएगा और तुम्हें लोन भी नहीं लेना पड़ेगा। आरबीआई अधिकारी की इस बहाने नौकरी भी बच जाएगी। आरबीआई अधिकारी की नौकरी क्यों खतरे में है? यह कहानी भी उसने विस्तार से समझाई । गायत्री के अनुसार, तीन साल पहले जब देश में नोटबंदी हुई थी, तब केंद्र सरकार ने सबसे पहले दो हजार रुपये के नोट छापने का फैसला किया था। यह जिम्मा संबंधित आरबीआई अधिकारी पर था। देश भर में लाइनें लगी हुई थीं। सरकार पर बहुत दबाव था। सरकार इस आरबीआई अधिकारी पर जल्द से जल्द नोट छापने का दबाव डाल रही थी। इस वजह से हड़बड़ी में एक ही सीरिज के डबल, ट्रिपल नोट छप गए। जब तक यह गलती पकड़ी गई, तब तक करोड़ों रुपयों जमा हो गए थे। इस आरबीआई अधिकारी ने फिर इन नोटों को अपने घर में जमा किया। बाद में उसे लगा कि कभी उसके घर सीबीआई या इनकम टैक्स की रेड पड़ सकती है। यदि नोट आरबीआई गोदाम में रखे, तो वहां कोई भी एक ही सीरिज के कई बंडलों को पकड़ सकता है। फिर इस आरबीआई अधिकारी को जितने सरकार ने नोट छापने का आदेश दिया था, उसका हिसाब भी सरकार को देना है। इसलिए यह आरबीआई अधिकारी दो हजार के नोटों में मूल रकम लेकर दो हजार के नोटों में ही डबल रकम दे रहा है। बस, उसकी एक ही शर्त है कि मूल रकम 50 लाख रुपये से कम नहीं होनी चाहिए।

### वैन में बैठकर पुलिस को ही दे रहा था गाली, थूकने पर जमकर हुई पिटाई, विडियो वायरल

**मुंबई।** मुंबई पुलिस अकसर ही अपने अनूठे कारनामों के लिए जानी जाती है। सोशल मीडिया पर एक बार फिर मुंबई पुलिस वायरल हो गई। दरअसल, पुलिस न्यायिक हिरासत में बैठे आरोपियों को वैन में लेकर जा रही थी जब रास्ते में उनमें से एक पुलिस के साथ गाली-गलौज करने लगा। काफी देर तक पुलिसकर्मी सुनते रहे लेकिन आरोपी ने हद तब पार कर दी जब उसने सामने बैठे पुलिसकर्मी पर थूक दिया। इससे गुस्साए बाकी पुलिकर्मियों ने उसे पीट दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे घटना के विडियो में दिखाई दे रहा है कि तमाम लोगों के साथ पुलिस से घिरा बैठा युवक मोहम्मद शौकत अली मंसूरी दुस्साहस के साथ गाली-गलौज किए जा रहा है। उसे डिंडोशी अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा था। जानकारी के मुताबिक अपने घर से आया खाना नहीं दिए जाने के चलते नाराज शौकत पुलिसकर्मियों के लिए अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करने लगा।

# सोशल मीडिया ने ऑटो चालक को पहुंचाया सलाखों के पीछे

**मुंबई।** सुबह का समय और सुनसान रास्ता देख ऑटो रिक्शा में सवार 18 साल की लड़की से अश्लील हरकत करने वाले 49 वर्षीय एक ऑटो चालक को गोरेगांव पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी का नाम अशोक खारवी है। वह शादीशुदा है और मां के साथ मुंबई में रहता है। बताया जा रहा है कि वह मानसिक विकृति का शिकार है।

पुलिस को पीड़िता ने बताया कि 29 फरवरी को उसने घर से कहीं जाने के लिए ऑटो रिक्शा लिया। एसवी रोड पर गोरेगांव एमटीएनएल सिग्नल के पास ऑटो चालक ने ऑटो रोका और रिक्शे के शीशे में युवती को देखकर अश्लील हरकतें करने लगा। युवती ने उसकी हरकतों को मोबाइल में कैद कर लिया।




इसका विडियो युवती ने मुंबई पुलिस को ट्वीट कर मदद मांगी।

डीसीपी डॉ. दहिकर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर गोरेगांव पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354(अ) और 509 के तहत मामला दर्ज कर उसे सीसीटीवी फुटेज की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को 3 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दहिकर ने बताया कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सर्तकता बरतें। सावधानी से घटना को हैंडल करें। घबराएं नहीं और परेशान होने के बजाय हालात का सामना करते हुए खुद को मजबूत रखें, ताकि आरोपी आप पर हावी न हो सके।

उसे आपकी कमजोरी पता नहीं चलनी चाहिए। ऐसी घटनाओं की शिकार महिलाओं को डरना नहीं चाहिए, क्योंकि इस प्रकार की घटनाएं सामने आने पर मुंबई पुलिस उसे गंभीरता से लेती है। पीड़िता की गोपनीयता को बरकरार रखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजती है।

## महा विकास आघाडी और चुनौती मनपा चुनाव की

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका के चुनाव 2022 में होने हैं। इसी को ध्यान में रखकर एनसीपी ने रविवार को मिशन 2022 का आयोजन किया। इसमें अजित पवार ने जिस तरह से शिवसेना को नंबर वन बनाए रखने लेकिन अपने नगरसेवकों की संख्या बढ़ाने की बात की है, इससे इतना तो साफ है कि बीएमसी चुनाव में एनसीपी की प्लानिंग शिवसेना के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ने की है। यानी 25 साल पहले जो 'शक्तिवर्धक फॉर्म्युला' बीजेपी ने अपनाया था, अब वही फॉर्म्युला एनसीपी भी अपनाने की फिराक में है।

बीएमसी का मौजूदा राजनीतिक समीकरण ऐसा है कि अगर शिवसेना को मनपा पर अपनी सत्ता बरकरार रखनी है, तो उसे बीजेपी के खिलाफ नए सिरे से मोचार्बंदी करनी पड़ेगी। क्योंकि 2017 में दोनों अलग-अलग चुनाव लड़े थे और बीजेपी ने शिवसेना को कड़ी टक्कर दी थी। गलाकाट लड़ाई में बमुश्किल शिवसेना अपनी सत्ता बचा पाई थी। इस बार तो बीजेपी राज ठाकरे की मनसे के साथ नए समीकरण गढ़ने में लगी है। ऐसे में जितनी जरूरत महा विकास आघाडी में एनसीपी-कांग्रेस को शिवसेना के साथ की है, उतनी ही जरूरत शिवसेना को भी एनसीपी और कांग्रेस की पड़ेगी। जहां तक सवाल कांग्रेस का है। कांग्रेस की स्थिति मुंबई में एनसीपी से बेहतर है। मनपा में कांग्रेस एक जमाने में सत्ता में रही है। उसका महापौर रहा है। उसके पास संगठन है और अगर आज भी




कांग्रेस नियोजनबद्ध तरीके से चुनाव लड़े, तो उसके 25 से 27 नगरसेवक चुनाव जीत सकते हैं। लेकिन कांग्रेस में सबसे बड़ा सवाल है कि 'बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे।' दूसरी पार्टियां मनपा चुनाव की रणनीति और तैयारी में लगी हैं और कांग्रेसी

## बुजुर्ग से मजाक में छिपाई चप्पल तो गला दबाया, मौत

**मुंबई।** एक 14 साल के बच्चे का मजाक करना 68 साल के एक शख्स को इतना अखर गया कि उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए शनिवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी हिम्मत गोहिल पीड़ित शिव शंभू पवार के घर के पास रहता था। घटना दोनों के घर के पास गोलीबार रोड इलाके में हुई है।

इलाके के बच्चे गोहिल का मजाक उड़ाया करते थे और उनके साथ प्रैंक्स करते थे। गोहिल उनसे बहुत नाराज होते थे और उन्हें मारा-पीटा भी करते थे। शनिवार को पवार ने गोहिल की चप्पलें चुरा लीं। गोहिल ने पवार से उनकी चप्पलें वापस लेने के बाद गुस्से में उसे पीट दिया और गला दबा दिया। इससे पवार बेहोश हो गया।

उसके घरवालों को पड़ोसियों ने बताया तो वे गोहिल के घर गए। वहां पवार बेहोश मिला।

## महाराष्ट्रः 4 सालों में धरे गए 6000 से अधिक साइबर अपराधी

**मुंबई।** जिस तेजी से मोबाइल, इंटरनेट, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और सोशल मीडिया पर लोगों का अटैचमेंट बढ़ रहा है उसी तेजी से साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। इसका सबूत है कि 2015 से 2019 इस चार सालों में महाराष्ट्र में साइबर अपराधों में 6 हजार से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हुई है। महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने सोमवार को विधानसभा में जानकारी दी कि पिछले चार साल में राज्य में 16, 515 साइबर अपराध दर्ज किए गए। इन मामलों में 6,020 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि 4, 532 केस सुलझा लिए गए।

देशमुख ने एक लिखित जवाब में बताया कि



3,253 पुलिसकर्मियों को सायबर अपराधों की जांच का प्रशिक्षण दिया गया है और सायबर पुलिस स्टेशनों को आधुनिक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर मुहैया कराए गए हैं। गृहमंत्री अनिल देशमुख ने एक अन्य सवाल के जवाब में इस बात को स्वीकार किया कि राज्य की सेंट्रल और जिला जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदी हैं और कैदियों के लिए सोने की पर्याप्त जगह नहीं है।

परिणाम स्वरूप 2 हजार 193 कैदी त्वचा रोग से ग्रस्त हैं। पुणे की येरवडा सेंट्रल जेल की क्षमता 2449 कैदियों की है। येरवडा जेल में आठ नए बैरेक बनाए जा रहे हैं।

इनमें से तीन बैरेक बन गए हैं, जबकि पांच को बनाने का काम जारी है। येरवडा जेल में जगह की कोई कमी नहीं है क्योंकि यहां 320 एकड़ का परिसर उपलब्ध है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र: कर्जमाफी के बावजूद घटी नहीं किसानों की आत्महत्या, 24,719 करोड रुपये और पारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के तमाम कदम उठाने के बाद भी किसान आत्महत्याओं के मामले थमते नहीं दिख रहे हैं। दिसंबर 2019 में ही 242 किसानों ने आत्महत्या की जबकि राज्य की ठाकरे सरकार ने तब तक किसानों के कर्जमाफी की घोषणा कर दी थी। अब 6 मार्च को आने वाले राज्य के बजट से पहले विधान परिषद ने सरकार के 24,719 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग को मंजूरी दे दी है।

बता दें कि राज्य के पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार ने सदन में यह जानकारी दी थी। वहीं, सरकार की ओर से एनसीपी नेता और वित्त मंत्री अजित पवार ने कर्ज माफी स्कीम और दूसरे कदम उठाने के लिए अतिरिक्त फंड्स की मांग रखी थी जिसे पारित कर दिया गया। इससे पहले वडेट्टीवार बताया था कि अक्टूबर 2014 से अगस्त 2019 के बीच 14,591 किसानों ने आत्महत्या की। उस वक्त राज्य में फडणवीस सरकार थी। आत्महत्या करने वाले किसानों में 5,430 मामले किसी भी मदद के लिए अयोग्य हैं और 214 मामलों की जांच लंबित है।

नवंबर 2019 में 308 और दिसंबर 2019 में



ही 242 किसानों ने आत्महत्या की है। पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार ने बताया है कि नागपुर और अमरावती विभाग के 11 जिलों के 1,286 किसानों ने 2019 में आत्महत्या की। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के उन छह जिलों के लिए विशेष पैकेज है, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने आत्महत्या की। महाराष्ट्र विकास अघाडी ने हाल ही में किसानों के लिए ऋण माफ करने वाली योजना की घोषणा की थी।

## औरंगाबाद पर शिवसेना का बीजेपी पर निशाना, '25 साल पहले ही बालासाहेब ने बदल दिया था नाम'

**मुंबई।** शिवसेना ने औरंगाबाद शहर का नाम संभाजीनगर रखने की मांग को लेकर सोमवार को महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल पर निशाना साधा। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में बीजेपी को याद दिलाया गया है कि 25 साल पहले शिवसेना सुप्रीमो दिवंगत बालासाहेब ठाकरे ने औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर कर दिया था।

बता दें कि औरंगाबाद नगर निगम ने जून 1995 में शहर का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, लेकिन कांग्रेस के एक पार्षद ने इसे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट और फिर बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी, जिसके बाद इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई। पाटिल ने पिछले हफ्ते औरंगाबाद का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी के नाम पर रखने की मांग की थी। बीजेपी नेता ने कहा था, 'हम छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र संभाजी महाराज के वंशज हैं, औरंगजेब के नहीं। लिहाजा सभी तकनीकी समस्याओं को दूर कर औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर कर दिया जाना चाहिए।' शिवसेना ने पाटिल पर निशाना साधते हुए कहा, 'उन्हें यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज हैं और यहां कोई औरंगजेब का वशंज नहीं है।' संपादकीय में विवादित पुस्तक 'आज के शिवाजी: नरेन्द्र मोदी' की ओर इशारा करते हुए कहा गया है कि बीजेपी पिछले पांच वर्षों से छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम ले रही है और अब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से करने की गुस्ताखी करने लगी है।

# विधानसभा अध्यक्ष का फरमान, मुख्य सचिव गेट पर खड़े हो मांगे माफी

**मुंबई।** विधानसभा में सोमवार को उस समय सन्नाटा खिंच गया जब अध्यक्ष ने राज्य के मुख्य सचिव को सदन के गेट पर आकर माफी मांगने का फरमाना सुनाया। अध्यक्ष के इस फरमाना के बाद सदन में मौजूद उप मुख्यमंत्री अजित पवार तुरंत हरकत में आए और सरकार की तरफ से खेद व्यक्त करते हुए उन्होंने अध्यक्ष से अपना आदेश वापस लेने की अपील की। नेता विपक्ष देवेंद्र फडणवीस और राजस्व मंत्री बालासाहेब थोरात ने भी अजित पवार का समर्थन किया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के आग्रह के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने अपना आदेश वापस ले लिया। इस तरह शासन और प्रशासन के बीच एक अप्रिय स्थिति पैदा होने से बच गई।

दरअसल विधानसभा अध्यक्ष इस बात से नाराज थे कि सदन में विधायकों द्वारा उठाए गए औचित्य के मुद्दों पर निर्देश के देने के बावजूद



सचिवालय से कोई जवाब नहीं दिया जाता। दरअसल विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद औचित्य के मुद्दे के तहत विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र और राज्य से जुड़े तात्कालिक महत्व के मुद्दों को उठाते हैं और प्रशासन को एक महीने के भीतर इसका जवाब देना होता है। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को बताया कि शीतकालीन सत्र के दौरान विधायकों द्वारा उठाए गए औचित्य के 83 मुद्दों में से सिर्फ चार पर ही सचिवालय के संबंधित विभागों ने जवाब दिए हैं।

सदन में उठाए गए सवालों का सीमा अवधि के अंदर जवाब देना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है, परंतु सचिव आदि सदन के कामकाज व अध्यक्ष के निर्देश को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है। सदन के सदस्यों के अधिकारों का संरक्षण करना मेरा उत्तरदायित्व है। जब तक में इस कुर्सी पर हूं इस उत्तरदायित्व को निभाऊंगा। इसके बाद उन्होंने सचिवालय प्रशासन के प्रमुख के तौर पर मुख्य सचिव को सदन के गेट पर आकर माफी मांगने का फरमान सुना दिया।

## कोरोना का डर: 25 रुपये में बिक रहे 1 रुपये के मास्क, खत्म हो रहा है स्टॉक




**मुंबई।** मुंबई में कोरोना वायरस का डर इस कदर छाया है कि शहर के अस्पतालों में सर्जिकल मास्क्स की कमी हो गई है। यही नहीं, इन मास्क्स के दाम 2,400 प्रतिशत बढ़ गए हैं। जो मास्क्स 1 रुपये के मिलते थे, सप्लायर उनके लिए 25 रुपये चार्ज कर रहे हैं। अस्पताल ये मास्क थोक में खरीदते हैं। इनके एक बॉक्स में 100 मास्क आते हैं। ठ95 मास्क कोरोनावायरस से बचने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं लेकिन उनका स्टॉक भी खत्म होने लगा है।

जसलोक अस्पताल के सीईओ डॉ. जितेंद्र हरयन ने बताया कि प्राइवेट अस्पतालों के पास बढ़े हुए दामों पर मास्क खरीदने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है क्योंकि सर्जरी कैंसल नहीं की जा सकतीं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी वायरस मुंबई नहीं पहुंचा है लेकिन अगर ऐसा हो गया, तो क्या होगा। माहिम के एसएल रहेजा अस्पताल और बांद्रा के लीलावती अस्पताल में भी मास्क्स की कमी है। रहेजा अस्पताल के सीईओ डॉ. हिरेन अंबगांवकर ने बताया कि सिर्फ मास्क ही नहीं दस्ताने, सर्जिकल गाउन और प्लास्टिक की शीट्स की भी कमी हो गई है। लीलावती अस्पताल के वाइस प्रेजिडेंट डॉ. अजयकुमार पांडे ने बताया कि वेंडर इतना सीमित स्टॉक दे रहे हैं कि दो हफ्ते में खत्म हो जाता है। डॉ. हरयन ने राज्य सरकार से मास्क की कीमतें रेग्युलेट करने की अपील की है। इसी बीच मास्क्स की कालाबाजारी के आरोप भी लगाए जा रहे हैं और सवाल किया जा रहा है कि आखिर अचानक स्टॉक में इतनी कमी कैसे आ गई।

असोसिएशन ऑफ इंडियान मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के मुताबिक हर साल भारत में 241.3 मिलियन मेडिकल डिस्पोजल मास्क बनाए जाते हैं। रिटेल ऐंड डिस्पेंसिंग केमिस्ट्स असोसिएशन के अध्यक्ष प्रसाद दर्वे ने बताया कि फार्मासिस्ट्स के पास पर्याप्त संख्या में मास्क नहीं हैं। उन्होंने बताया कि चीन में मास्क बनाने की कंपनियां बंद होने के बाद दूसरे देशों में भारत से मास्क जाते हैं। इसलिए बड़ी संख्या में मास्क एक्सपोर्ट किए जा रहे हैं।

## दादर के इस धर्मशाला दान देने के लिए करना होगा 2023 तक इंतजार

**मुंबई।** साल 1984 में अपनी स्थापना के बाद से ही करीब 30 साल तक फंड्स के लिए संघर्ष करने वाले संत गाडगे महाराज मिशन धर्मशाला ने एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है। मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के पास स्थित धर्मशाला में खाने के लिए डोनेशन देने का कैलेंडर 2023 तक के लिए पूरा हो गया है

# पीएम मोदी की फैन देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अम्रुता भी छोड़ेंगी सोशल मीडिया?

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात ट्वीट कर जानकारी दी कि वह ट्विटर, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया अकाउंट्स छोड़ने पर विचार कर रहे हैं जिसके बाद उनके प्रशंसकों के रिऐक्शन की बाढ़ आ गई। उनके कई प्रशंसकों ने जहां उनसे सोशल मीडिया न छोड़ने की अपील की है वहीं उनकी एक प्रशंसक महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी और सिंगर अम्रुता फडणवीस ने कहा है कि वह अपने नेता का अनुसरण करेंगी।

अमृता ने ट्वीट किया, 'कभी कभी छोटे निर्णय हमारा जीवन बदल देते हैं मैं अपने नेता के बताए रास्ते का अनुसरण करूंगी।' बता दें कि अमृत सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अपने कुछ ट्वीट के कारण विवादों में भी पड़ चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी के ट्वीट के बाद से सोशल मीडिया पर नरेंद्र मोदी, नो सर, सोशल मीडिया, यूट्यूब हैशटैग ट्रेंड कर रहे हैं। उनके फॉलोअर्स में जहां निराशा देखी जा रही है वहीं विपक्ष ने उनपर तंज कसा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिखा कि 'नफरत छोड़िए, सोशल मीडिया अकाउंट्स नहीं।' वहीं, अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने इसी पीएम मोदी के चाल तक कह डाला।

**आपराधिक मुकदमा छुपाने का मामला**

# देवेंद्र फडणवीस की पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**संवाददाता**

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी हलफनामे में आपराधिक केसों की जानकारी छुपाने के मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पुनर्विचार याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। खंडपीठ ने 18 फरवरी को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस फैसले के बाद अब नागपुर की अदालत में उनके खिलाफ केस चलता रहेगा। न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की खंडपीठ ने फडणवीस की पुनर्विचार याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इस पर फिर से विचार करने का कोई आधार नहीं है। न्यायालय ने 1 अक्टूबर 2019 को फडणवीस को झटका देते हुए कहा था कि निचली अदालत फडणवीस के खिलाफ दायर मुकदमे को नये सिरे से देखे। जिसके खिलाफ यह पुनर्वलोकन याचिका दायर हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले इस मामले में 20 फरवरी को फडणवीस नागपुर की जिला अदालत में पेश हुए थे। जहां अदालत ने उन्हें 15




हजार के पीआर बांड पर जमानत दे दी थी। अदालत से बाहर आकर देवेंद्र फडणवीस ने कहा था-आज मुझे अदालत ने चुनावी हलफनामे के एक मामले में सम्मन किया था। मैं कोर्ट में हाजिर हुआ और अदालत ने पीआर बांड पर मुझे अगली तारीख दी है और मेरी प्यार बॉन्ड की अर्जी को स्वीकृत किया है। मूल रूप से 93 से 98 के बीच के यह दो कैसे थे और हमने एक झुग्गी झोपड़ी को बचाने के लिए आंदोलन किया था। उस आंदोलन में मेरे ऊपर 2 प्राइवेट केस डाले गए थे। वह कैसे सेटल भी हो गए थे, अब वह केस मेरे पर नहीं है। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को निरस्त करते हुए यह आदेश दिया था। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता सतीश उइके की वह याचिका खारिज कर दी थी कि जिसमें उन्होंने फडणवीस द्वारा चुनावी हलफनामों में आपराधिक मामलों की जानकारी छुपाने के लिए उनका चुनाव रद्द करने की मांग की थी। इसके बाद उइके ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

**यह था याचिकाकर्ता का फडणवीस पर आरोप:** याचिकाकर्ता का आरोप था कि फडणवीस ने 2014 विधानसभा में अपने ऊपर विचाराधीन 2 आपराधिक मुकदमों की जानकारी छिपाई थी। ये 2 मुकदमे नागपुर के हैं जिनमें एक मानहानि का और दूसरा ठगी का है। याचिका में फडणवीस को अयोग्य करार देने की मांग की गई थी।

**फडणवीस की अदालत में सफाई:** मामले की सुनवाई के दौरान फडणवीस की ओर से कहा गया था कि मुख्यमंत्री एवं राजनीतिक लोगों के खिलाफ 100 मुकदमे रहते हैं। किसी मामले को चुनावी हलफनामे में न देने पर कार्रवाई नहीं हो सकती। न्यायालय ने पूछा था कि जानकारी जानबूझकर छिपाई गई या फिर गलती से हुआ, इस मामले को क्यों न ट्रायल के लिए भेजा जाए।

# कोरोना वायरस के डर के बीच ईरान में फंसे कोल्हापुर के 34 लोग, सुप्रिया सुले ने संसद में दी जानकारी

**कोल्हापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि कोरोना वायरस के डर के बीच महाराष्ट्र के कोल्हापुर के 34 लोग ईरान में फंस गए हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर को उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए। सुले ने फंसे हुए लोगों के नाम और पासपोर्ट का विवरण भी ट्विटर पर साझा किया। सुप्रिया ने सोमवार को कहा, कोरोना वायरस के संकट के बीच कोल्हापुर और आसपास के क्षेत्रों के 34 लोग ईरान में फंस गए हैं। उनके नाम और पासपोर्ट का विवरण



संलग्न है। उन्होंने कहा, माननीय डॉ एस जयशंकर जी से अनुरोध है कि वह विदेश में फंसे हुए सभी भारतीयों की सुरक्षित घर वापसी में मदद करें। राकांपा नेता ने विदेश मंत्रालय से हमेशा मदद मिलने और जल्दी जवाब मिलने के लिए मंगलवार को जयशंकर का आभार भी जताया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में सोमवार को कोरोना वायरस के दो नए मामले सामने आए हैं जिनमें से एक दिल्ली का मामला है। सरकार ने संक्रमण की रोकथाम के लिए कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस संक्रमण ने दुनियाभर में 3000 लोगों की जान ले ली है।

## (पृष्ठ 1 का शेष)

**कोरोना वायरस को लेकर भारत अलर्ट**

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी अपडेट के मुताबिक इटली, ईरान, साउथ कोरिया और जापान से आने वाले यात्रियों को जो वीजा या ई-वीजा जारी किया गया है, उसे रद्द कर दिया गया है। 3 मार्च के बाद इस देश के किसी नागरिक को भारत का वीजा नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा भारतीय नागरिकों को भी इन देशों को जाने से मना किया गया है। इसके अलावा चीन के लोगों के लिए 5 फरवरी से पहले के वीजा को लेकर चेतावनी जारी की गई थी, वह अभी भी जारी रहेगी। हालांकि, जो अभी अप्लाई करना चाहते हैं वो दोबारा इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। भारत सरकार की ओर से इसके अलावा चीन, ईरान, इटली, साउथ कोरिया और जापान होकर आने वाले यात्रियों के लिए भी ई-वीजा और वीजा रद्द कर दिया है। ये नियम 1 फरवरी से पहले जारी हुए वीजा को लेकर लागू होगा। इन देशों से वाले संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सदस्यों को भारत आने दिया जाएगा, हालांकि इन सभी की स्क्रीनिंग होती रहेगी। जो भी नागरिक कुछ देशों की यात्रा कर आ रहे हैं, फिर चाहे वो भारतीय हो या फिर विदेशी उनकी जांच एयरपोर्ट पर जरूर की जाएगी। इन देशों में चीन, साउथ कोरिया, जापान, ईरान, इटली, हॉन्गकॉन्ग, मकाऊ, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, नेपाल, थाईलैंड, सिंगापुर, ताइवान जैसे देश जारी हैं। कोरोनावायरस की आशंका के चलते ट्विटर ने अपने कर्मचारियों को हिदायत दी है कि वे अपने घर से ही काम करें। दुनियाभर में अपने कर्मचारियों को ट्विटर ने ऐसा करने के निर्देश दिए हैं ताकि कोरोनावायरस को फैलने से रोका जा सके। ट्विटर ने आधिकारिक बयान में कहा कि जो कर्मचारी घर से काम कर सकते हैं, हम उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं। कोरोनावायरस की जद में दुनिया के 70 देश आ गए हैं। 3,113 लोगों की मौत हो चुकी है। 90,900 केस सामने आए हैं। सबसे ज्यादा 80,150 केस चीन में दर्ज हुए हैं।

**मुस्लिमों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने...**

हाल में राकांपा के मंत्री नवाब मलिक ने कहा था कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिमों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने की सोच रही है। इस सत्र के अंत तक एक बिल भी विधानसभा में लाया जा सकता है। हालांकि, उद्धव के बयान से स्पष्ट है कि शिवसेना इस रुख पर तैयार नहीं है। उद्धव ने मीडिया से बातचीत में यह भी कहा कि वे आगामी 7 मार्च को अयोध्या जाएंगे। वहां वे परिवार के साथ रामलला के दर्शन करेंगे। उद्धव इससे पहले भी 3 बार अयोध्या जा चुके हैं। वह महाराष्ट्र में चुनाव से पहले रामलला के दर्शन करने गए थे। महाराष्ट्र में एनपीआर को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव लाने के सवाल पर उद्धव ने जवाब दिया। कहा- 'मैंने शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा के नेताओं की एक कमेटी गठित की है, जो इस मामले के नियमों को देखेंगे।' ठाकरे से जब राज्य में एनपीआर लागू करने को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन में मतभेदों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं किसी को भी महाराष्ट्र के नागरिकों का अधिकार नहीं छीनने दूंगा। मैं इस बात को लेकर बिलकुल स्पष्ट हूं।'सोशल मीडिया छोड़ने के मोदी के विचार पर ठाकरे ने कहा, 'वह (मोदी) मेरे बड़े भाई हैं। मैं उसपर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।'

**6 साल की बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के...**

इस मामले में 16 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। झारखंड में पहली बार ऐसा हुआ है, जब इस तरह के मामले में कोर्ट ने महज 28 दिनों में सजा सुनाई हो। बच्ची 5 फरवरी को सरस्वती पूजा के मौके पर लगने वाला मेला देखने के लिए ननिहाल आई थी। शाम को उसका रिश्ते का चाचा मिट्ठू राय उसे मेला दिखाने के बहाने ले गया। लौटने के क्रम में तीनों दोषियों ने गांव से बाहर बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। अप्राकृतिक यौनाचार किया। बच्ची घर में जाकर परिजनों को न बता दें, इसलिए गला दबाकर हत्या कर दी। फिर तीनों ने बच्ची का शव झाड़ियों के बीच दफना दिया और घर जाकर सो गए। 7 फरवरी को पुलिस ने बच्ची का शव बरामद किया था।









## शैल ने भारत में अडवांस फ्लीट मैनेजमेंट सोल्यूशन पेश किए




**ठाणे,** व्यवसायों और फ्लीट ऑपरेटरों के सामने आने वाली फ्लीट मैनेजमेंट की चुनौतियों को सुलझाने के लिए शैल, जो सभी तरह के उद्योगों में व्यवसायों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है, ने भारत में अपने फ्लीट सॉल्यूशंस पोर्टफोलियो की शुरूआत की है। इस अवसर श्री. परमिंदर कोहली- जीएम बिजनेस डेवलपमेंट, मार्केटिंग एंड ऑपरेशंस, फ्लीट सॉल्यूशंस और श्री. जैन हाक-ऑपरेशंस के महाप्रबंधक, फ्लीट सॉल्यूशंस एशिया मौजूद थे। फ्लीट मालिकों के स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) को कम करने के उद्देश्य से, शेल के उत्पादों और सेवाओं के पोर्टफोलियो, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले विभिन्न शैल ईंधन, शेल फ्लीट प्रीपेड कार्यक्रम और शेल टेलीमैटिक्स शामिल हैं, संचालन पर बेहतर नियंत्रण प्रदान करते हैं और धोखाधड़ी के खिलाफ सुरक्षा बढ़ाते हैं। ग्लोबल फ्लीट मैनेजमेंट बिजनेस के 60 से अधिक वर्षों के अनुभव और छह मिलियन से अधिक फ्लीट कार्डों के आधार पर, भारत में पेश किए गए सोल्यूशन शैल के वैश्विक अनुभव और विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक और विश्व स्तरीय नई खोज को एक साथ लाते हैं और भारतीय फ्लीट मालिकों को खास 'शैल फायदा' देते हैं। शैल फ्लीट सोल्यूशन ने शैल ईंधन, शेल फ्लीट प्रीपेड और शेल टेलीमैटिक्स की पेशकश की : शैल ईंधन हमारी विशेष दोहरी डिटर्जेंट तकनीक के साथ तैयार किया जाता है जिसे डायनाफ्लेक्स कहा जाता है। इस तकनीक में विशेष रूप से शेल द्वारा डिजाइन किए गए जटिल मिश्रण शामिल हैं जो हमारे नए ईंधन को शक्तिशाली क्लिनिंग एजेंटों से समृद्ध करते हैं और इसे अन्य ईंधनों से बेहतर बनाते हैं। यह नए और पुराने इंजन तकनीक दोनों में काम करने के लिए दोहरे डिटर्जेंट का उपयोग करता है और भारत में फ्लीट के विविध मिश्रण की आवश्यकताओं का ध्यान रखता है। शेल फ्लीट प्रीपेडः शेल प्रीपेड कार्यक्रम फ्लीट मालिकों को ईंधन खर्च पर व्यापक नियंत्रण के माध्यम से पारदर्शी संचालन करने की अनुमति देता है, ऑपरेशन आसान बनाता है, सुविधा बढ़ाता है, और धोखाधड़ी को रोकने व उसका पता लगाने के लिए विश्व स्तर की सुरक्षा देता है जिससे स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) कम होती है और शेल टेलीमैटिक्सः शेल टेलीमैटिक्स मोटर वाहन उद्योग मानक-140 के अनुरूप है और वास्तविक समय वाहन ट्रैकिंग, असुरक्षित और अक्षम ड्राइविंग व्यवहार/पैटर्न का पता लगाकर और सटीक ईंधन निगरानी के जरिए फ्लीट ऑपरेशन्सपर बेहतर नियंत्रण, सुरक्षा और दक्षता प्रदान करता है।

फ्लीट सॉल्यूशंस के जीएम बिजनेस डेवलपमेंट, मार्केटिंग एंड ऑपरेशंस परमिंदर कोहली ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा, नई तकनीकों, सेवाओं और अधिक कनेक्टिविटी का मेल फ्लीट सेक्टर को फिर से आकार दे रहा है, नए कौशल की मांग कर रहा है और नए प्लेयर्स और व्यावसायिक मॉडल तैयार कर रहा है। फ्लीट सॉल्यूशंस एशिया के जनरल मैनेजर जैन हाक ने कहा, 30 देशों में फैले हमारे व्यापक फ्लीट मैनेजमेंट अनुभव के जरिए हम फ्लीट मालिकों की जरूरतों को गहराई से समझते हैं। भारत में हमारे ग्राहकों के लिए हमारा वादा है कि हम दुनिया भर से हमारे सबसे उचित मोबिलिटी सोल्यूशन लाएंगे और पारदर्शी संचालन को सक्षम करने के लिए उन्हें सही उपकरण प्रदान करेंगे। हम अपने वैश्विक पोर्टफोलियो से नए और बेहतर उत्पाद लाते रहेंगे और बदलते ग्राहक व बाजार की जरूरतों के आधार पर भारत में अपने उत्पादों को विकसित करेंगे।



**आंकाक्षा, गीति गौर और मृदुल के सफलतापूर्वक लॉन्च हुए म्यूजियम वीडियो आई विल ऑलवेज ब्लाइंडली लव यू के कार्यक्रम में अभिनेता संजय मिश्रा मौजूद रहे। संजय मिश्रा और डा. रेखा गौर और रोहिताश गौर की दोस्ती लगभग 20 सालों से है, संजय मिश्रा ने इस वीडियो के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी और साथ ही आंकाक्षा, गीति और मृदुल को बधाई दी।**

## कोरोनावायरस का असरः सरकार ने पैरासिटामॉल समेत 26 ड्रग इंग्रीडिएंट्स के निर्यात पर रोक लगाई

**सरकार** ने पैरासिटामॉल समेत दवाएं बनाने में इस्तेमाल होने वाले 26 फॉमूर्लेशन और एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) के निर्यात पर रोक लगा दी है। डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) ने मंगलवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया। यह तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। चीन समेत अन्य देशों में कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए एहतियातन यह फैसला लिया गया है, ताकि देश में दवाओं की कमी नहीं हो। ज्यादातर एपीआई के लिए भारत चीन पर निर्भर है। लेकिन, वहां कोरोनावायरस फैलने की वजह से फैक्ट्रियां बंद हैं। ऐसे में वहां प्रोडक्शन नहीं हो रहा और सप्लाई रुकी हुई है। अमेरिकी मीडिया हाउस ब्लूमबर्ग की पिछले महीने रिपोर्ट के मुताबिक, चीन से सप्लाई रुकने की वजह से भारत में पैरासिटामॉल दवाओं की कीमत 40% बढ़ गई है। जायडस कैडिला के चेयरमैन पंकज आर पटेल का कहना था कि बैक्टीरिया



इंफेक्शन के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एंटीबायोटिक एजिथ्रोमाइसिन की कीमतें 70% बढ़ गई हैं। पटेल ने कहा था कि मार्च के पहले सप्ताह तक चीन से सप्लाई शुरू नहीं हुई तो पूरी फार्मा इंडस्ट्री में इंग्रीडिएंट्स की कमी हो सकती है। एपीआई दवा बनाने में कच्चे माल के तौर पर इस्तेमाल होता है। भारत सालाना 3.5 अरब डॉलर (25,200 करोड़ रुपए) के एपीआई इंपोर्ट करता है। इनमें से 2.5 अरब डॉलर (18,000 करोड़ रुपए) के यानी 70% एपीआई चीन से आते हैं।

## मनोरंजन की नई दुनिया रापची एप्प












**संवाददाता**

**ओटीटी** प्लेटफॉर्म रापची एप पर वेब सीरीज अराजक, एम फॉर मॉम, लिव टूगेदर, वाबस्ता, सोच, विहान और शॉर्ट फिल्म 'इंफेक्शन' को रिलीज कर दिया गया है। हाल ही में मुंबई के जुहू स्थित रामदा पामग्रोव होटल में रापची एप के संचालक धरम गुप्ता ने बॉलीवुड के कई हस्तियों की उपस्थिति में उपरोक्त वेब सीरीज को रिलीज किया। धरम गुप्ता का कहना है कि रापची ने ओटीटी दुनिया मे कदम रखते ही धूम मचा दी है। आज हमारी एप्प कई तरह के कंटेंट अपने दर्शकों को पेश कर रहा है। जिसे पूरी फैमिली के साथ बैठकर देखा जा सकता है। जब हमने एप्प शुरू की थी उस समय इस एप्प पर 15 शो थे। जैसे जैसे इसका समय बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे एप्प कंटेट की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। मेरा ऐप बहुत बड़े नामों के तामझाम के साथ कमजोर या सतही नहीं है, यहां कंटेंट किंग है। मैंने इस लाइन में सबसे लंबे समय तक काम किया है और मैं टेलीविजन से ओटीटी एप में बदलाव देख रहा हूं। यही प्लेटफॉर्म मनोरंजन का भविष्य है। यह एप उन प्रोडक्शन हाउस और लोगों के लिए भी बनाया गया है जिनके पास शानदार स्क्रिप्ट और शो हैं। और ऐसे लोगों को मैं इस एप्प के माध्यम से अपना कंटेट लोगों तक पहुंचने का मौका भी दे रहा हूँ। अब टेलीविजन ही मनोरंजन के लिए प्लेटफॉर्म नहीं रहा है, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म वेब दुनिया में गति पकड़ चुका है। कई ओटीटी एप्स सस्ती मासिक सदस्यता योजनाओं के साथ अपना ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। फिलहाल रापची एप की सेवा एक वर्ष तक निशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

## सपा सांसद आजम खान को नहीं मिली जमानत, परिवार के साथ जेल में ही रहना होगा



**उत्तर प्रदेश** के रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान और उनके परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रामपुर कोर्ट ने मंगलवार को आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा सांसद, उनके बेटे और उनकी पत्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी। सरकारी वकील राम अवतार सैनी ने बताया कि मंगलवार को आजम खान, पत्नी तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम की जमानत को लेकर सुनवाई हुई। जज धीरेंद्र कुमार ने तीनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। यह जमानत याचिका दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में थी, जिसमें अब्दुल्ला आजम का एक जन्म प्रमाण पत्र रामपुर नगर पालिका से बनवाया गया था और दूसरा लखनऊ से बनवाया गया था। अब्दुल्ला आजम के सर्टिफिकेट में डेट ऑफ बर्थ अलग-अलग थी। बता दें कि आजम खान ने अपनी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला के साथ पिछले सप्ताह रामपुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। अब्दुल्ला आजम के दोहरे जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित जालसाजी के एक मामले में उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट था। रामपुर की अदालत ने खान परिवार को 2 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। बाद में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को 27 फरवरी को सीतापुर जेल भेज दिया गया था। असल में, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रोटेस्ट के मद्देनजर आजम खान को सीतापुर जेल ट्रांसफर करने का फैसला किया गया था।

## कब मिलेगी निर्भया के गुनहगारों को सजा, फांसी ना हो गई तमाशा हो गया

**...तो** पवन जल्लाद को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। पर सवाल ये है कि आखिर मौत को लेकर इतनी तारीख पे तारीख क्यों पड़ रही है? ऐसा क्या हुआ सोमवार को जो तीसरी बार फांसी की तारीख टालनी पड़ी? और सबसे बड़ा सवाल ये कि क्या चौथी तारीख या चौथा डेथ वॉरंट भी आखिरी होगा इसका फैसला कब और कैसे होगा? तो आइए इन सवालों के जवाब जानते हैं। 22 जनवरी पहली तारीख। 1 फरवरी दूसरी तारीख। 3 मार्च तीसरी तारीख और अब चौथी तारीख? अब फिर से पटियाला हाऊस कोर्ट ने फरमान सुना दिया ये अदालत अगले आदेश तक चारों की फांसी पर रोक लगाती है। कोई और मौत का मजाक बनाए तो कानून उसे सजा देती है। पर खुद



कानून ही मौत का तमाशा बना दे तो किस ज़िल्ले इलाही से फरियाद करें। कानून की किसी डिक्शनरी में किसी भी सजा के लिए एक बार से ज्यादा मौत का प्रावधान ही नहीं है। लेकिन यहां उसी कानून की कमजोरियों ने इन चारों को अब तक चार-चार बार सूली पर लटकवा दिया है। दो बार तो जल्लाद भी जेल का दौरा कर आया। फांसी के फंदे का ना जाने कितनी बार ट्रायल लिया जा चुका है। कितनी ही बार इन चारों के वजन और इनके कद काठी के हिसाब से रेत की बोरियों को डमी फांसी दी जा चुकी है। ना जाने कितनी बार चारों को मौत का अहसास दिलाने के लिए कोठरी से निकाल कर काल कोठरी में ले जाया गया है। लेकिन हर पल मौत के साये में जीने के बावजूद इनके हिस्से में अब तक मौत नहीं आई है। मौत का इंतजार करते करते थक गए ऐसे लोगों की एक लंबी फेहरिस्त है। जिनकी सिर्फ इस वजह से सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया। क्योंकि वो किश्तों में मर रहे थे। पर अब से पहले ये तो कभी नहीं हुआ था। जब मौत को भी तारीख पे तारीख मिलने लगी। सवाल ये है कि इन चारों की मौत को इस तरह कानूनी तमाशा किसने बनाया। तो जवाब कानून की इन्हीं कमजोरियों में छुपा है।

## झारखंड बजटः किसानों का कर्ज माफ, 100 यूनिट बिजली फ्री

### मुफ्त इलाज और कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 1 लाख रुपए की सब्सिडी का ऐलान

**हेमंत सोरेन** सरकार का पहला बजट मंगलवार को पेश हुआ। 86,370 करोड़ रुपए के बजट में किसानों का कर्ज माफ करने के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बजट में 8 लाख रुपए तक की सालाना आय वालों के लिए मुफ्त इलाज और कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 1 लाख रुपए की सब्सिडी दी देने की बात कही। वित्तमंत्री ने कहा कि 300 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वालों को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा- जो लोग आयुष्मान भारत योजना में नहीं आते हैं, राज्य सरकार उनका 5 लाख रुपए का बीमा कराएगी। इस योजना के जरिए राज्य की 92 फीसदी आबादी स्वास्थ्य बीमा के दायरे में आ जाएगी। सरकार ने राज्य के सभी जिलों में पीपीपी मॉडल पर डायलिसिस केंद्र बनाने का ऐलान किया। साथ ही, 300 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल बनाने की घोषणा भी की। पहले चरण में एक साल के



भीतर 100 बिस्तरों का अस्पताल तैयार करने की बात कही गई है। राज्य में बेघरों को आवास देने के लिए सरकार बाबा साहेब अंबेडकर योजना के तहत 5 हजार घर बनाएगी। इस योजना में वे लोग शामिल किए जाएंगे, जो पीएम आवास योजना में नहीं चुने गए थे। इसके अलावा, पीएम आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों के लिए 50 हजार रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की योजना सभी बेघरों को पक्का मकान देते की है। सरकार ने किसानों का कर्ज माफ करने के लिए बजट में 2 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। वहीं, पीएम किसान फसल योजना में बदलाव करके झारखंड राज्य किसान राहत कोष बनाया जाएगा। किसानों की उपज सुरक्षित रखने के लिए हर जिले में दो-दो कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे। पशुओं का उपचार कराने के लिए मोबाइल पशु चिकित्सा क्लिनिक की शुरूआत की जाएगी।

**धान उत्पादन एवं बाजार सुलभता योजना:** किसानों के लिए धान उत्पादन एवं बाजार सुलभता नाम की नई योजना को शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट में किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि यंत्र खरीदने के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान है। इस योजना में संचित जल का उपयोग सिंचाई में करने के लिए पंप सेट, एचडीपीई पाइप के साथ कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, 50 हजार परिवारों को आजीविका से जोड़ने और सिंचाई के लिए 300 चेक डैम पूरे करने की बात भी कही गई।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पीएम नरेंद्र मोदी से मिले सीएम अरविंद केजरीवाल, कहा दोषी नही बख्शे जाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। दोनों के बीच दिल्ली में हुए दंगे और कोरोना वायरस पर बात हुई। केजरीवाल ने बताया कि मोदी से उन्होंने कहा कि दिल्ली दंगों के लिए किसी भी पार्टी, किसी भी धर्म के लोग जिम्मेदार हों, उनपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

केजरीवाल ने दिल्ली पुलिस पर यह सवाल भी उठाया कि अगर नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में पुलिस पहले दो दिन (23 और 24 जनवरी) को मुस्तैदी दिखाती तो इतने लोगों की जान नहीं जाती।

अरविंद केजरीवाल ने इस मीटिंग को शिष्टाचार



भेंट बताया। केजरीवाल बोले कि उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि दंगे के लिए जो भी जिम्मेदार हों, चाहे वह किसी भी धर्म या पार्टी के हों उसपर सख्त ऐक्शन होना चाहिए। केजरीवाल बोले कि इससे साफ संदेश जाएगा कि ऐसी हरकतों को आगे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र के साथ मिलकर वह ये कोशिश करेंगे कि भविष्य में ऐसी वारदात न हो।

केजरीवाल और पीएम मोदी के बीच कोरोना पर भी बात हुई। केजरीवाल बोले, 'कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है। दिल्ली में पहला मामला सामने आ चुका है। यह जिस भी देश में गया वहां बहुत तेजी से फैला। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम किया जाएगा।'

## दिल्ली हिंसाः पुलिस पर पिस्टल तानने वाला शाहरुख हुआ गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हिंसा में पुलिस पर पिस्टल तानने वाले शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिंसा के दौरान शाहरुख की तस्वीर काफी चर्चित रही थी। बताया जा रहा है कि शारुख को यूपी के बरेली से गिरफ्तार किया गया है। शाहरुख ने न केवल पुलिस पर पिस्टल तानी थी बल्कि 8 राउंड फायर भी किया था।

## राजभर से मिले भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर, साथ मिलकर लड़ेंगे 2022 का यूपी विधानसभा चुनाव



**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को लखनऊ के वीआईपी गेस्ट हाउस में भीम आर्मी के अध्यक्ष चंद्रशेखर से मुलाकात की है। दोनों के बीच बंद कमरे में मुलाकात हुई। दोनों ने 2022 में उत्तर प्रदेश में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव में साथ मिलकर लड़ने का फैसला लिया है।

इस मुलाकात के दौरान दोनों ने 2022 का विधानसभा चुनाव भागीदारी संकल्प मोर्चा नामक एक बड़े गठबंधन के हिस्से के रूप में लड़ने का फैसला किया। राजभर ने संवाददाताओं से कहा,ह्यसभी दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक इस मोर्चे में एक साथ आएंगे और हम बीजेपी को हराने की दिशा में काम करेंगे। बता दें कि राजभर ने लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार से बर्खास्त होने पर भारतीय जनता पार्टी से नाता तोड़ लिया था।

दोनों नेताओं की मुलाकात से उत्तर प्रदेश में नए समीकरण बन गए हैं। दोनों नेताओं के बीच 2022 विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। एसबीएसपी की अगुआई में बनी भागीदारी संकल्प मोर्चा में भीम आर्मी शामिल हो गई है। 2022 के चुनाव से पहले सभी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एक करने की कोशिश इस गठबंधन के सहारे हो सकती है।

बीजेपी से अलग होने के बाद ओमप्रकाश राजभर ने मायावती के बेहद करीबी रहे बाबू सिंह कुशवाहा के साथ नजदीकी बढ़ाई है। इन दोनों नेताओं ने भागीदारी संकल्प मोर्चा का गठन किया है। उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में यह दोनों साथ लड़ेंगे। इससे पहले रविवार को भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर ने अपनी नई पार्टी बनाने की घोषणा कर दी। चंद्रशेखर की नई पार्टी का औपचारिक ऐलान होली के बाद 15 मार्च को होगा। चंद्रशेखर से रविवार को बीएसपी के कई नेताओं ने मुलाकात की है।

## जिला अस्पताल में दिलाएंगे एम्स जैसी सुविधा


**नोएडा।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 2821 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। सेक्टर 38ए बॉटनिक गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और 9 का शिलान्यास हुआ। इस मौके पर सीएम ने कहा, 344 करोड़ रुपये में जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग बनी है। अब इतने रुपये खर्च हुए हैं तो एम्स जैसी सुविधाएं तो मिलनी ही चाहिए। हमारे स्वास्थ्य मंत्री यहां के प्रभारी हैं। मुझे विश्वास है कि इस बिल्डिंग का पूरा इस्तेमाल होगा और एम्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। नोएडा के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाना हमारी प्राथमिकता है। जो परियोजनाएं अधूरी हैं, उन्हें जल्द पूरी कराकर जनता को सौंपेंगे। विकास कार्य पूरे होने के बाद नोएडा का स्टेटस बदलेगा। इन्वेस्टरों के लिए सकारात्मक माहौल बनेगा। प्रदेश के प्रमुख शहरों में से एक नोएडा ने विदेश में भी अपनी पहचान बनाई है। इसे अब और आगे तक लेकर जाना है।

सीएम ने कहा कि पहले जेवर में भट्टा पारसौल जैसी घटनाएं होती थीं। अब वहां विश्व का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है। जेवर को स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित करेंगे। विदेश में बैठे इन्वेस्टरों की नजर अब जेवर पर है। इस दौरान सीएम ने जमीन का मुआवजा लेने वाले किसानों से अपील की। बोले, जो पैसा मिला है, उसे बड़ी गाड़ी और शौक पूरे करने में न खर्च करें। नई पीढ़ी का भविष्य बेहतर करने में उन रुपयों का इस्तेमाल करें। किसानों के जमीन को लेकर चल रहे विवाद पर भी बात की। योगी आदित्यनाथ ने कहा, किसानों की जायज मांगों को माना जाएगा। संबंधित अथॉरिटी और जिला प्रशासन समाधान के रास्ते निकालेंगे। जो बेबुनियाद मांगें हैं, उनका समाधान किसी के पास नहीं है। सीएम ने कहा, दिल्ली की अपेक्षा अपने नोएडा में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। हालांकि अभी भी दिल्ली काफी आगे है, लेकिन जल्द ही हम उनके बराबर पहुंचेंगे। सीएम ने कहा, 3 वर्षों में नोएडा की इमेज काफी बदली है। खासतौर पर तीनों अथॉरिटी के काम करने में पारदर्शिता आई है।

## करप्शन पर डीसीपी ने फटकारा, हॉस्पिटल में भर्ती हो गए 'बीमार' स्टेनो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की डीसीपी ट्रैफिक पुलिस चारू निगम एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं। इस बार उन्हीं के स्टेनो ने अभद्रता का आरोप लगाया है। आरोप है कि डीसीपी की फटकार के बाद स्टेनो की तबीयत बिगड़ गई और उसको साथी पुलिसकर्मियों ने बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं, डीसीपी का कहना है कि करप्शन की शिकायत पर उससे पूछताछ की तो वह बीमारी का बहाना बनाकर बेहोश हो गया।

दयानिधान पार्क के पास बने स्मार्ट सिटी कार्यालय में सीईओ का कमरा कब्जाने को लेकर डीसीपी ट्रैफिक पुलिस चारू निगम काफी चर्चा में रही थीं। बाद में अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ये मामला शांत हुआ था। अब डीसीपी के स्टेनो



ने ही उन्हें कठघरे में खड़ा कर दिया है। उनके स्टेनो राजेंद्र शर्मा का आरोप है कि सोमवार सुबह डीसीपी ट्रैफिक ने उन्हें कमिश्नर कार्यालय में स्थित अपने दफ्तर में बुलाया और उनपर बिगड़ गई। वह बुरी तरह नाराज होकर अभद्रता करने लगीं। इस पर उन्हें घबराहट होने लगी और वह कमरे से बाहर निकल आए। चक्कर आने पर वह कमरे के बाहर ही लड़खड़ाकर जमीन पर गिर गए और उन्हें उल्टी होने लगी। इस पर उनके साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया।

डीसीपी ट्रैफिक चारू निगम का कहना है कि स्टेनो राजेंद्र शर्मा के खिलाफ करप्शन की शिकायत मिली थी। उन्होंने जब उससे इस संबंध में पूछा तो वह बीमारी का बहाना बनाकर बेहोश हो गए। वहीं, पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने पूरे मामले की जांच जेसीपी एलओ नवीन अरोरा को सौंपकर 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी है।

## विकास के मुद्दे पर बिहार में लड़ेंगे चुनाव, जल्द जारी होगा घोषणापत्र-चिराग पासवान

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी विकास के मुद्दे पर बिहार विधानसभा चुनाव में उतरेगी। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाला है और चुनाव की घोषणा होने से काफी पहले ही एलजेपी अपना चुनावी-घोषणा पत्र जारी करने जा रही है।

एलजेपी अध्यक्ष ने बताया कि 14 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में होने वाली रैली में पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र ह्यविजन डॉक्यूमेंट-2020ह्न जारी किया जाएगा जिसकी इस समय तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि एलजेपी संस्थापक राम विलास पासवान की अध्यक्षता में यहां पार्टी की एक बैठक हुई, जिनमें पार्टी के सांसदों समेत अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न मसलों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले अगर घोषणापत्र जारी होगा तो चुनाव में जात-पात मुद्दा नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश का विकास मुख्य मुद्दा होगा। चिराग पासवान प्रदेश में बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट यात्रा कर रहे हैं, जिसका समापन 14 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में होगा।

# नवाबों के शहर लखनऊ में होलिका से उठती है एक शमा मुहब्बत की

होली के रंग सबको एक जैसा कर देते हैं। फिजा में मुहब्बत का यह रंग यूं ही नहीं घुलता। अवध और खासकर लखनऊ में तो इसका लंबा सिलसिला है, जो वसंत पंचमी से शुरू होता है। नुक्कड़ों पर इसी दिन होलिका दहन के लिए रेंडी के पेड़(खंभ) गाड़े जाते हैं। फिर धीरे-धीरे लकड़ियां जमा की जाती हैं। यह किसी अकेले के जिम्मे नहीं होता। इसमें हर घर की हिस्सेदारी होती है। इस तैयारी में गंगा-जमुनी तहजीब भी साकार होती है। कई इलाकों में तो सारा दारोमदार मुस्लिम तबके के लोग उठाते हैं।

अमीनाबादः मंडप सज्जा का मुकाबला

एक दौर में कैसरबाग का अशोक की लाट वाला चौराहा लखनऊ शहर का दिल हुआ करता था। होलिका दहन का सबसे बड़ा आयोजन यहीं से कुछ दूर अमीनाबाद में होता है। इसके साथ फूलों से सजे मंडप का दिलकश मुकाबला भी होता है, जो हिंदू-मुस्लिम एकता की नजीर भी है।

42 साल पहले हुई शुरूआत

अमीनाबाद होली महोत्सव संघ के संरक्षक मोहम्मद अहमद खां अदीब साहब हैं। वह बताते हैं कि साल 1901 में उनके वालिद की किताबों की दुकान थी। फिर 1961 से तालों का कारोबार शुरू किया। उसी दरम्यान महसूस हुआ कि शहर की आबोहवा में हिंदू-मुस्लिम रवायत बनाए रखने की पहल की जाए। फिर साल 1978 में कई लोगों संग मिलकर यह रोमांचक परंपरा शुरू की।

एक महीने जुड़े रहते हैं लोग

मौजूदा समय में संघ के संयोजक पिंकू चौधरी हैं। वह बताते हैं कि एक मंडप प्रकाश कुल्फी के पास पुलिस चौकी चौराहे पर तो दूसरा अमीनाबाद चौराहे पर तैयार किया जाता है। बाजार में लोगों को दिक्कत न हो, इसके लिए अब होलिका दहन के दिन ही लकड़ी लाई जाती है। इस पूरे



आयोजन में मुस्लिम समाज भी पूरा योगदान देता है। मंडप सज्जा प्रतियोगिता में भी इस तबके के लोग हिस्सा लेते हैं। यह आयोजन कैसरबाग और अमीनाबाद फतेहगंज तक के लोगों को पूरे एक महीने जोड़े रखता है।

चौकः होलियारों की जन्नत

चौक तो होलियारों के लिए जन्नत जैसा है। होली के दिन यहां जुलूस निकाला जाता है तो शाम को मेला लगता है। फिर अगले दिन चकल्लस(कवि सम्मेलन) होता है। वरिष्ठ साहित्यकार अमृतलाल नागर की गंगा-जमुनी परंपरा को जीवंत रखते हुए यहां जगह-जगह होलिका दहन भी किया जाता है। होलिकोत्सव समिति चौक के उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा के मुताबिक, चौक चौराहे के अलावा आसपास कई जगहों पर लोग मिल-जुलकर होलिका दहन करते हैं।

सराय माली खां चौराहा, फूलों की सजावट

सराय माली खां चौराहे पर फूलों की सजावट कर होलिका दहन की परंपरा बरसों से चल रही है। यहां होलिका दहन के दिन फाग भी गाने की परंपरा है। यहां वसंत पंचमी के दिन खंभ गाड़कर पूजन किया जाता है, फिर महाशिवरात्रि पर ठंडाई बांटी जाती है। होली पर चौक से निकलने वाले जुलूस भी इस चौराहे से गुजरता है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढेगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।बीमारियां घेर सकती हैं।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

# मादा कठफोड़वा और सांप की लड़ाई हुई वायरल, वजह है कुछ खास

इस दुनिया में मां के प्रेम की तुलना किसी से भी कर पाना बहुत ही मुश्किल है। मां अपने बच्चों के पालन-पोषण के साथ सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखती है। जब बच्चों पर कोई खतरा आता है तो वह उस चुनौती का मुकाबला करने के लिए तैयार हो जाती है। एक मादा कठफोड़वा और सांप के बीच लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके पीछे का कारण भी बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है।

आएफएस अधिकारी सुशांत नंदा ने ट्विटर पेज पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक मादा कठफोड़वा सांप से लड़ते हुए दिखाई दे रही है। मादा कठफोड़वा अपने घोसले में घुसे सांप पर चोंच से बार-बार हमला करती दिख रही है। वह अपने बच्चों को बचाने के लिए सांप से लड़ रही है।

27 सेकेंड के इस वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह मादा कठफोड़वा अपनी जान की बाजी लगाकर उस सांप से लड़ती है। सांप उसे दो बार पकड़ लेता है, लेकिन मां के आगे उसकी भी नहीं चलती। वह बार-बार उसकी पकड़ से खुद को आजाद कर लेती है और उस पर लगातार वार करती है, ताकि वो वहां से चला जाए और उसके बच्चे सुरक्षित रहें।

440 लोग इस बारे में बात कर रहे हैं

सुशांत नंदा ने इस वीडियो को शेयर करते हुए ट्वीट



किया है कि संसार की सभी ताकतें मां के प्रेम को नहीं हरा पाएंगी। सुशांत ने कल शाम 5 बजकर 18 मिनट पर यह वीडियो शेयर किया था, अब तक इस वीडियो को 16,000 से अधिक बार देखा जा चुका है। यह वीडियो वायरल हो गया है, इसे अब तक 1200 से अधिक लोगों ने लाइक किया है, जबकि 348 लोगों ने रिट्वीट किया है।

सोशल मीडिया यूजर्स ने भी इस मां के जज्बे को सलाम किया है। कई यूजर्स ने लिखा है कि मां ईश्वर का सबसे शानदार तोहफा है। उसके प्रेम की तुलना इस संसार में किसी से नहीं की जा सकती है।

# डायबिटीज में केले का सेवन करना चाहिए या नहीं



क्या खाये और क्या नहीं? यह डायबिटीज रोगी के मन में सबसे पहला और जरूरी सवाल होता है। इस सवाल के चलते अक्सर लोग बिना जानकारी के बस अपने अंदाजे से कुछ भी खाना छोड़ देते हैं। जिसके कारण वह जाने-अनजाने में आहार के फायदों से महरूम हो जाते हैं। इसलिए टाइप-2 डायबिटीज के रोगी को कुछ भी खाना खाने या छोड़ने से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। टाइप-2 डायबिटीज -में शरीर उचित मात्रा में इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता। जिसके कारण ब्लड में से ग्लूकोज खींच लिया जाता है ताकि कोशिकाओं में उसे एकत्रित करके रखा जा सके। इसके परिणामस्वरूप आपके शरीर में शुगर का स्तर बढ़ता या घटता रहता है। यानी आपके शरीर में शुगर के स्तर को नियमित करने में आहार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिक ग्लाइसेमिक युक्त आहार लेने से शुगर का स्तर एकदम बढ़ता और शुगर के तुरंत बर्न होने के बाद अचानक कम हो जाता है केले के अनगिनत गुणों के कारण इसे अपने आहार में शामिल करना अच्छा माना जाता है। केला फाइबर का समृद्ध स्रोत होने के साथ-साथ इसमें विटामिन सी, विटामिन बी6, पोटेशियम, मिनरल, मैग्नीज भी मौजूद रहता है। विटामिन बी6 आपके मूड को अच्छा रखता है वहीं विटामिन सी आपके प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाता है, पौटेशियम आपके ब्लडप्रेशर को नियमित रखता है तथा फाइबर के कारण आपको काफी समय तक भरा हुआ महसूस होता है। आपको ये जानकार आश्चर्य होगा कि इस फल को खाने से स्किन में अलग ही ग्लो आता है। अक्सर लोग ये मानते हैं कि डायबिटीज होने पर फलों में केला खाना छोड़ देना चाहिए क्योंकि इसको खाने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। लेकिन एक शोध से साबित हुआ है कि यदि आप को दूर करना चाहते हैं तो केला सबसे उत्तम फल है। यानी रोजाना संतुलित मात्रा में या 250-500 ग्राम/दिन केला खाने से फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज लेवल के साथ एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का अनुपात भी कम होता है। डायबिटीज के रोगियों को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि केले में कार्बोहाइड्रेट भी होते हैं, इसलिए अपने आहार में इसे शामिल करते समय इस बात का भी ध्यान अवश्य रखना चाहिए। डायबिटीज के रोगी केले भी खा सकते हैं। अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन, डायबिटिज में लोगों को केला खाने के लिए प्रोत्साहित करता है। उनके अनुसार केला एक स्वस्थ आहार है जिसका सेवन करना पूरी तरह से उचित है।

# कसूरी मेथी के इन 3 प्रमुख फायदों के बारे में क्या आप जानते हैं?



कसूरी मेथी की पत्तियां और बीज बहुत ही गुणकारी होते हैं। जानें क्यों आपके लिए जरूरी है इसे अपनी डाइट में शामिल करना।

फायदेमंद है कसूरी मेथी कसूरी मेथी को अंग्रेजी में फेनूग्रीक सीड बोलते हैं और हिंदी में इसे मेथी के नाम से ही जाना जाता है। इसका प्रयोग पौधे और बीज दोनों रूप में किया जाता है। भारत में यह बहुत ही लोकप्रिय मसाला है, जिसका प्रयोग लगभग हर घर में किया जाता है। हरी सब्जी के रूप में यह ह्यमेथी सागह्ल के नाम से अधिक लोकप्रिय है। इसकी पत्तियों और बीज का प्रयोग औषधि के रूप में किया जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। पेट की समस्या से लेकर ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित करने वाले गुण के अलावा, इसमें बालों और त्वचा को निखारने के भी गुण मौजूद होते हैं। इस स्लाइडशो में कसूरी मेथी से होने वाले गुणों के बारे में जानें।

फायदेमंद है कसूरी मेथी

**1-पेट की समस्या करें दूर**


अस्वस्थ खानपान के कारण आजकल पेट में गैस की समस्या आम हो गई है। ऐसे में मेथी की पत्तियां लीवर को मजबूत बनाकर पेट की दूसरी समस्याओं को भी दूर करती हैं। पेचिश और डायरिया की समस्या होने पर भी यह लाभदायक है। इसकी पत्तियों के अलावा बीज को पीसकर पाउडर बनाकर भी प्रयोग में ला सकते हैं। पेट की समस्या होने पर पत्तियों को सुखाकर पीस लें और इसमें नींबू की कुछ बूंदें मिक्स करें। इसके बाद इसे उबले हुए पानी के साथ लें।

पेट की समस्या करें दूर

**2- कोलेस्ट्रॉल कम करे**

शरीर में एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अगर अधिक हो जाए, तो समस्या गंभीर हो सकती है। शरीर में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल को निकालने के लिए कसूरी मेथी का प्रयोग करें। इसके लिए पानी में मेथी की पत्तियों को डालकर पूरी रात के लिए छोड़ दीजिए और अगले दिन पानी को छानकर पीजिए। इससे शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ेगी।

# पुरुषों को रोज सुबह भीगे हुए चने क्यों खाने चाहिए



देशी चना न्यूट्रिएंट्स के मामले में बादाम जैसे महंगे ड्राय फ्रूट्स से ज्यादा फायदेमंद होता है। एम्स, नई दिल्ली की असिस्टेंट डाइटीशियन रेखा पाल शाहका कहना है कि भिगोए हुए चने में प्रोटीन, फाइबर, मिनरल और विटामिन्स खूब होते हैं जो कई बीमारियों से बचाव के साथ-साथ हेल्दी रहने में भी हेल्पफुल होते हैं।

वैसे तो हर व्यक्ति के लिए चने खाने के अपने फायदे हैं, लेकिन खासकर पुरुषों को तो ये जरूर खाने चाहिए। क्या है खाने का सही तरीका?

मुट्ठी भर चने लेकर साफ कर लें। इन्हें मिट्टी या चीनी मिट्टी के बर्तन में डालकर ऊपर से इतना साफ पानी डालें कि चने पूरी तरह भीग जाए।

रात भर चनों को इस पानी में भीगे रहने दें। सुबह चने निकालकर अच्छे से चबा-चबाकर खाएं। चाहें तो चने का पानी भी छानकर पी सकते हैं। इससे फायदा दोगुना हो जाएगा।

# गर्मी में इन 6 तरीकों से तेजी से निखारें अपनी त्वचा

गर्मी के मौसम में धूल, धूप आदि के कारण त्वचा की नमी कम हो जाती है, इसके कारण त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है, लेकिन अगर आप थोड़ी सावधानी बरतें तो इस मौसम में भी त्वचा के निखार को बरकरार रख सकती हैं।

**1- ऐसें निपटे गर्मी से**

चिलचिलाती धूप और हानिकारक यूवी रेडिएशन से त्वचा को नुकसान तो होता ही है साथ ही इसकी नमी भी खो जाती है। इसके कारण पिगमेंटेशन और सन बर्न की समस्या भी हो सकती है। इसलिए रोजाना त्वचा की देखभाल काफी जरूरी है जिसमें उसकी सफाई, टोनिंग, मॉइस्चराइजिंग करने के साथ-साथ हमें अपने भोजन और पानी की मात्रा पर भी ध्यान देना चाहिए। और हां, सनसक्रीन का उपयोग करना कभी ना भूलें। आगे की स्लाइड में जानिये कैसे अपनी त्वचा को गर्मी से बचायें।

**2- सनस्क्रीन का प्रयोग करें**

ऐसे सनस्क्रीन का चुनाव करें जो आपकी स्किन को सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाए। भारतीय त्वचा के हिसाब से 30 एसपीएफ वाला सनस्क्रीन बेहतर माना जाता है। घर से बाहर निकलने से 20 से 30 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं, धूप का चश्मा भी लगाएं। सूर्य की हानिकारक किरणों के कारण टैन की समस्या होने



के साथ-साथ मुहांसे, असमय झुर्रियां, दाग-धब्बों की समस्या होनी शुरू हो जाती है। सिर्फ चेहरे पर नहीं पूरे शरीर पर सनस्क्रीन लगायें।

**3- रोजाना रखें सफाई**

त्वचा को रोगमुक्त रखने के लिए रोजाना दो बार क्लीनजिंग, टोनिंग व मॉश्चराइजिंग की आदत डालें। लेकिन ऑयल फ्री मॉश्चराइजर का इस्तेमाल करें। गर्मी के दिनों में सफाई के साथ टोनर का इस्तेमाल करना भी जरूरी होता है क्योंकि त्वचा को ठंडक मिलती है और रोमछिद्र भी बंद होते हैं। घर में आसानी से मिलने वाला गुलाबजल भी एक अच्छा टोनर है।

**4- स्क्रब से हटाएं डेड सेल**

रूखी-सूखी, बेजान त्वचा से हटाने के लिए स्क्रब करना जरूरी है। इससे त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और रक्त का संचार अच्छी तरह से हो पाता है। रूखी-सूखी, बेजान त्वचा को निखारने के लिए स्क्रब करना जरूरी है। स्क्रब करने से मृत एवं पुरानी त्वचा कोशिकाएं हट जाती हैं। त्वचा को धीरे-धीरे स्क्रब करें। सूखने के बाद पानी से धो लें और धोने के बाद मॉश्चराइजर लगा लें।

**5- बालों को जलने से बचाएं**

गर्मियों में बालों की नमी खो जाती है। ऐसे में किसी भी तरह के केमिकल और हेयरस्टाइल बनाने वाले उपकरणों से परहेज करना चाहिए। जल्दी-जल्दी शैंपू का इस्तेमाल करने से बालों की चमक व नमी खो जाती है। बालों के लिए नरम शैंपू और कंडीशनर का भी इस्तेमाल करें। रोज शैंपू करने से स्कैल्प का नैचरल ऑयल कम होने की संभावना होती है।

**6- पैरों की अनदेखी न करें**

दिन के दौरान सनस्क्रीन और शाम में हल्के मॉश्चराइजर का प्रयोग करें। घुटनों से डेड सेल्स निकलाने के लिए एक-एक दिन छोड़कर उन पर चीनी के साथ नींबू की फांक को हल्के हाथों से रगड़ें।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपनी सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर



**लुसाने।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम वर्ल्ड रैंकिंग की नवीनतम तालिका में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई है जो उसकी 2003 में एफआईएच विश्व रैंकिंग शुरू होने के बाद सर्वोच्च रैंकिंग है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पहले तीन दौर में शानदार फॉर्म से भारत 5वें से चौथे स्थान पर पहुंचने में सफल रहा। भारत के आगे बढ़ने से ओलिंपिक चैंपियन अर्जेंटीना एक पायदान नीचे 5वें स्थान पर खिसक गया है।

विश्व चैंपियन बेल्जियम शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स का नंबर आता है। जर्मनी और इंग्लैंड क्रमशः छठे और 7वें स्थान पर हैं, जबकि न्यूजीलैंड 8वें स्थान पर है। महिला वर्ग में भारत 9वें स्थान पर है। नीदरलैंड्स शीर्ष पर काबिज है, जबकि उसके बाद आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, जर्मनी और इंग्लैंड का नंबर आता है।

# विराट कोहली की कप्तानी में पहली बार 'टेस्ट वाइटवॉश', 20 साल में ऐसी हार

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी जो 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ मिलि 1-4 से हार के बाद सबसे खराब प्रदर्शन है। दुनिया की नंबर-1 टीम को न्यूजीलैंड ने अपनी मेजबानी (क्राइस्टचर्च) में सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में तीसरे ही दिन सोमवार को 7 विकेट से हरा दिया। पहले टेस्ट में भी मेहमान टीम को 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी।

आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में भारत हालांकि 360 अंकों के साथ टॉप पर है और उसकी अगली टेस्ट सीरीज अब नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होनी है। इससे उसके लिए राहत की बात कही जा रही है। इससे पहले टेस्ट में भारतीय टीम को विराट कोहली की कप्तानी में कभी वाइटवॉश का सामना नहीं करना पड़ा था। विराट ने रएठअ (सा. अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में 10 बार टेस्ट मैचों में टॉस गंवाए और इन देशों में टॉस गंवाने के बाद केवल दो मुकाबले वह ड्रॉ करा पाए हैं। विराट को सीरीज में भी दोनों टेस्ट मैचों में टॉस हारे और मुकाबलों के नतीजे भी हार ही रहे। विराट कोहली के कप्तान बनने के बाद भारत को पहली बार टेस्ट सीरीज में वाइटवॉश का सामना करना पड़ा है। इससे पहले 2011-12 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-0 से मात दी थी। उनके फुल टाइम कप्तान बनने के बाद भारत को यह तीसरी बार टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। तीनों ही बार हार विदेशी धरती पर मिली।

टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड का 5-0 से सफाया करने के बाद टीम इंडिया के प्रदर्शन का ग्राफ इस कदर गिरा कि वह अगले आठ मुकाबलों में से एक में भी जीत दर्ज नहीं कर सकी। वनडे में उसे 0-5 से हार मिली और टेस्ट में 0-2 से सफाया हुआ। पिछले आठ सालों में यह पहली बार है जब टीम इंडिया ने किसी टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले गंवाए हैं। टेस्ट सीरीज के दौरान भारतीय बल्लेबाजों ने 18.05 की औसत से रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजों का किसी टेस्ट सीरीज में यह तीसरा सबसे खराब औसत है। इससे भी खराब

## सानिया मिर्जा और अंकिता रैना के साथ भारत फेड कप की चुनौती के लिए तैयार



**दुबई।** अनुभवी सानिया मिर्जा और शानदार फॉर्म में चल रहीं अंकिता रैना की मौजूदगी से भारतीय टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रहे छह देशों की फेड कप प्रतियोगिता में प्लेऑफ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। अंकिता इस सत्र की शुरूआत से शानदार लय में है। उन्होंने आईटीएफ प्रतियोगिता के दो एकल खिताब जीतने के साथ दो युगल खिताब भी अपने नाम किए हैं। वह एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 160वें पायदान पर हैं लेकिन फेड कप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है जहां उन्होंने खुद से बेहतर खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी है। अंकिता कई बार ग्रैंडस्लैम जीत चुकीं सानिया के साथ कप्तान विशाल उप्पल की सबसे बड़ी हथियार होंगी। कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार के कारण टूर्नामेंट तीन सप्ताह के विलंब से खेला जा रहा है। भारत को हालांकि इसका फायदा हुआ है क्योंकि ऑस्ट्रेलियन ओपन के युगल मुकाबले में चोटिल हुईं सानिया को चोट से उबरने का समय मिल गया।

बड़े मैचों को खेलने और जीत दर्ज करने के उनके अनुभव से टीम के युवा खिलाड़ियों को दबाव से बेहतर तरीके से निपटने में मदद करेगा। अंकिता ने कहा, ह्यमैंने सत्र की अच्छी शुरूआत की है, इसलिए प्रतियोगिता से पहले मेरा आत्मविश्वस बढ़ा है। जाहिर है सानिया हम सबको अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित करेंगी। उनकी सलाह और सुझाव से हमें काफी मदद मिलेगा।'

टीम में रिया भाटिया और करमन कौर थंडी भी शामिल हैं जिनहें खुद को साबित करना होगा। भारतीय टीम एशिया ओशियाना ग्रुप एक में पिछली बार चौथे स्थान पर रही थी। टीम को चीन, चीनी ताइपे और कोरिया से तगड़ी चुनौती मिल सकती है क्योंकि उनकी टीमों में शीर्ष 100 में शामिल खिलाड़ी हैं। भारत को इंडोनेशिया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ ज्यादा परेशानी नहीं होना चाहिए।

## कोरोना वायरस के कारण श्रीलंका दौरे पर हाथ नहीं मिलाएंगे इंग्लैंड के क्रिकेटर

**लंदन।** घातक कोरोना वायरस का असर खेल पर भी पड़ा है और अब इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने जानकारी दी है कि उनकी टीम के खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर हाथ नहीं मिलाएंगे। रूट ने कहा कि उनके खिलाड़ी कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के कारण श्रीलंका दौरे पर दूसरे खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाएंगे।

29 साल के रूट से सोमवार को कोरोना वायरस से जुड़ा सवाल पूछा गया। इंग्लैंड की टीम दो टेस्ट की सीरीज के लिए श्रीलंका दौरे पर जा रही है। रूट ने कहा कि हाथ मिलाने की जगह खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन मुट्ठियां टकराकर करेंगे। हाल में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर पहले टेस्ट से पूर्व और इसके दौरान इंग्लैंड टीम के कई सदस्यों को पेट में तकलीफ और फ्लू की समस्या से जूझना पड़ा था।

करियर में अब तक 92 टेस्ट, 146 वनडे और 32 टी20 इंटरनैशनल मैच खेल चुके रूट ने कहा, 'साउथ अफ्रीका में बीमारी से टीम के सदस्यों के परेशान होने के बाद हम न्यूनतम संपर्क की अहमियत को अच्छी तरह समझते हैं और हमारी मेडिकल टीम ने किसी भी तरह से वायरस और बैक्टीरिया को फैलने से रोकने के लिए हमें व्यावहारिक सलाह दी है। उन्होंने कहा, हम एक-दूसरे के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे, इसकी जगह मुट्ठियां टकराएंगे और हम नियमित तौर पर हाथ धोएंगे तथा हम मिले जीवाणु रोधी वाइप्स और जेल से सतहों को साफ करेंगे। चीन से शुरू हुए इस घातक वायरस से पूरी दुनिया में अब तक करीब 86,000 लोग प्रभावित हैं और अब तक संक्रमण के चलते करीब तीन हजार लोगों की मौत हो चुकी है

## रीयल मैड्रिड के नाम हुआ एल क्लासिको, विनिसियस जूनियर और मारियानो डियाज ने दागे गोल

**मैड्रिड।** ईबर के खिलाफ चार गोल करने वाले कप्तान लियोन मेसी ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) को स्पेनिश लीग ला लीगा के सबसे बड़े मुकाबले एल क्लासिको के पहले हाफ में एक जोरदार शॉट जड़ा तो लगा कि वह इस महामुकाबले में बार्सिलोना को जीत दिलाकर ही मानेंगे, लेकिन किस्मत इस बार रीयल मैड्रिड के कप्तान सर्जियो रामोस के साथ थी जो अंतिम सीटी बजने के बाद अपनी बाहों को फैलाकर जश्न मना रहे थे। उनकी प्रतिक्रिया इस जीत के महत्व का प्रतीक थी, ना सिर्फ तालिका के लिहाज से, बल्कि खिताब की दौड़ के लिहाज से भी। इस जीत के साथ ही रीयल मैड्रिड ला लीगा की अंक तालिका में बार्सिलोना को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गया है।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# शाहरुख खान को बनानी चाहिए 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे 2': गौरी खान


**हाल** में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2 दिन की भारत यात्रा पर आए थे। अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में हजारों की भीड़ के सामने ट्रंप ने भाषण देते हुए बॉलिवुड की आइकॉनिक फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का जिक्र किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुंह से इस फिल्म की तारीफ सुन शाहरुख के फैन्स गदगद हो गए थे। अब ट्रंप के इस भाषण के बाद शाहरुख की पत्नी गौरी खान ने भी अपने पति को एक निराली सलाह दे डाली है। गौरी ने मानना है कि शाहरुख को 1995 में रिलीज हुई अपनी इस सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बनाना चाहिए। जब ट्रंप के द्वारा फिल्म की चर्चा किए जाने पर गौरी से पूछा गया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, शायद मेरे ख्याल से उन्हें (शाहरुख को) दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे का दूसरा पार्ट बनाना चाहिए। आगे का यही प्लान है और मेरे ख्याल से वह इस पर काम करेंगे। मैं डीडीएलजे के डायरेक्टर-प्रड्यूसर से कहूंगी कि फिल्म का दूसरा पार्ट बनाएं ताकि जो भी दुनियाभर के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री इंडिया में आएं तो इसकी चर्चा जरूर करें।





# 'कृष 4' में रितिक रोशन के साथ नजर आएंगी दीपिका पादुकोण?

**बॉलिवुड** के टैलंटेड ऐक्टर्स में एक दीपिका पादुकोण और रितिक रोशन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि वह दोनों 'कृष 4' में एक साथ काम करते हुए दिखाई देंगे। दरअसल, एक पार्टी में रितिक रोशन का दीपिका पादुकोण को केक खिलाते हुए विडियो वायरल हो रहा है। तब से लोगों ने इस बात के कयास लगाने शुरू कर दिए। वहीं फैंस भी अपने पसंदीदा स्टार्स को एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर देखना चाहते हैं। फिल्म 'कृष' 4 में रितिक रोशन के साथ काम करने को लेकर अप्रोच किए जाने की रिपोर्ट्स पर दीपिका पादुकोण ने पूरी बात बताई है। ऐक्ट्रेस ने हाल ही एक इंटरव्यू में बताया कि मैंने पहले ऐसा कभी नहीं सुना है। यह सब उनके लिए सरप्राइज की बात है। दीपिका पादुकोण ने आगे कहा कि वह रितिक रोशन के साथ काम करना जरूर चाहेंगी। इसके साथ ही उन्होंने रितिक रोशन की तारीफ की।







# साहिर की बायॉपिक में काम करना चाहती हैं करीना

**ऐक्ट्रेस** करीना कपूर फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' में इरफान खान के साथ नजर आएंगी। ऐक्ट्रेस का कहना है कि हमेशा से इरफान खान के साथ काम करना चाहती थीं। बल्कि, उन्होंने हाल ही में कहा था कि वह उनके साथ साहिर लुधियानवी की बायॉपिक में काम करना चाहेंगी। ऐसी भी खबरें है कि फिल्म में करीना कपूर और इरफान खान एक दूसरे के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। करीना कपूर ने कहा वह चाहती हैं कि फिल्म बनें। पहली इरफान खान से मिलने के बारे में बात करते हुए करीना कपूर ने कहा कि जब उनसे मिली तो पाया कि वह इतने अच्छे हैं कि आश्चर्य में पड गई। बता दें कि यह पहला मौका होगा जब इरफान खान और करीना स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। 'अंग्रेजी मीडियम' में काम करने को लेकर करीना कपूर ने कहा फिल्म को चुनना में एक आसान निर्णय था। उन्होंने कहा कि इरफान खान के साथ काम करने को लेकर इस फिल्म ने उन्हें प्रेरित किया। 'अंग्रेजी मीडियम' का डायरेक्शन होमी अदजानिया कर रहे हैं और इसके दिनेश विजान ने प्रड्यूस किया है। इस फिल्म से इरफान लंबी बीमारी के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। इरफान फिल्म में ऐक्ट्रेस राधिका मदान के पिता के रोल में होंगे जबकि करीना इसमें एक पुलिसवाली की भूमिका में दिखेंगी। वहीं, फिल्म में पकंज त्रिपाठी और दीपक डोबिरयाल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म 20 मार्च को रिलीज होगी।